स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, आरएसपी, रुरकेला

RSP और SDTD रांची में निश्चित अवधि के आधार पर युवा पेशेवरों (यंग प्रोफेशल्स) की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन परीक्षा का प्रवेश पत्र

सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपकी इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी ।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावली होगी:

अनुक्रमांक	प्रश्नावली का नाम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	माध्यम	अवधि (मिनट में)
1	तकनीकी/व्यावसायिक ज्ञान	50	50	अंग्रेजी और हिन्दी	90 **मिनट**
2	योग्यता परीक्षा – सामान्य सचेतता – तर्कशक्ति/मैनेजरियल क्षमता – अंगेजी	50 15 25 10	50 15 25 10	अंग्रेजी और हिन्दी (अंग्रेजी को छोड़कर)	
	कुल	**100**	**100**		**90 मिनट**

परीक्षा के लिए समय 90 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 150 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी को छोड़कर सभी प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध कराई जाएंगी । प्रश्नावलियोंकी संयुक्त अवधि आबंटित है। आप दिए गये 90 मिनट में किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जाएंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल वस्तुनिष्ठ अंकों पर

नोट : CBT में कोई क्वालिफाइंग मार्क्स नहीं होंगे। हालाँकि, 'यंग प्रोफेशनल' के प्रत्येक रोल/ग्रेड के लिए, मेरिट के आधार पर 1:3 के अनुपात में उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के कट-ऑफ मार्क्स समान आते हैं, तो उन सभी को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।

सामान्य सचेतता

प्र.1. निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?
(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

प्र.2. तारापुर परमाणु बिजली संयंत्र कहाँ है ?
(1) बिहार (2) गुजरात (3) मध्य प्रदेश (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.3. निम्नलिखित में से कौनसा प्राधिकरण, भारत में LIC एजेंटों को लाइसेन्स जारी करता है ?
(1) IRDA (2) RBI (3) LIC (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. भारत में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धी तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?
(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.5. ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुडा व्यक्ति कौन है ?
(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम्. एस्. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

तर्कशक्ति/मैनेजरियल एप्टीट्यूड

प्र.1. कुछ नेता बेईमान होते हैं । नीलम नेता है । इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) नीलम ईमानदार है (2) नीलम बेईमान है
(3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं (4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं

प्र.2. यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाएं से तेरहवां अक्षर कौन-सा होगा ?
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
(1) M (2) N (3) O (4) L

प्र.3. यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?
(1) R (2) O (3) S (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वीं हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वीं हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

ENGLISH LANGUAGE

Q.1-4. Direction : – Read the following passage carefully and answer the questions given below it. Certain words are underlined to enable you locate them while answering some of the questions.

Power and possession have been central pursuits of modern civilization for a long time. They blocked out or distorted other features of the Western Renaissance (revival) which promised so much for humanity. What people have been and are still being taught to prize are money, success, control over the lives of others, acquisition of more and more objects. Modern social, political and economic systems, whether capitalists, fascist or communist, reject in their working the basic principle that the free and creative unfoldment of every man, woman and child is the true measure of the worth of any society. Such unfoldment requires understanding and imagination, integrity and compassion, co-opertion among people, and harmony between the human species and the rest of nature. Acquisitiveness and the pusuit of power have made the modern man an aggressor against everything that is non-human, an exploiter and oppressor of those who are poor, meek and unorganized, a pathological type which hates and distrusts the world and suffer from both acute loneliness and false pride.

The need for a new renaissance is deeply felt by those sensitive and conscientious men and women who not only perceive the dimensions of the crisis of our age but who also realise that only through conscious and co-operative human effort may this crisis be met and probably even overcome.

Q.1. According to the passage, why has modern man turned out to be an enemy of everyrthing that is non-human ?
(1) He has been dominated by drives of acquistiveness and power.
(2) He hates and distrusts other human beings
(3) Non-jumand have refused cooperation to human beings.
(4) None of these

Q.2. Which of the following is one of the requirements to bring out the best in man ?
(1) Money (2) Understanding (3) Power (4) Acquistiveness

Q.3. The real attainment of any society can be adjudged by which of the following ?
(1) The degree of freedom for pursuing more and more power.

(2) The encouragement for acquisitive tendencies.
(3) Strict adherance to authoritarian structure
(4) None of these

Q.4. The modern value systems encourage the importance of which of the following ?
(1) Spiritual development of all individuals. (2) Recognition of freedom and equality
(3) Craving for power and possession (4) Spirit of inquiry and knowledge

Q.5-7. **Directions :** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully.

Q.5. He quickly glanced ..... the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to

Q.6. The counsel urged the court to ..... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike

Q.7. The local official ..... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told

Q.8-10. **Directions :** Read each sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is No error.

Q.8. I am twenty two years old / when I first / joined the bank. No error
(1) (2) (3) (4)

Q.9. To the Hindus / the Ganga is holier than / any other river. No error
(1) (2) (3) (4)

Q.10. Of all the teachers / in our school / our class teacher were very strict. No error
(1) (2) (3) (4)

(अ) ऑनलाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा प्रश्नावली के अलावा सभी प्रश्न अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो Ÿ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए प्रश्नावली पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

1 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।

2 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।

3 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।

4 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।

5 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।

पुनर्विचार के लिए चिन्हित **(Marked for Review)** स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अगर कोई उम्मीदवार किसी सवाल के बारे में कोई समस्या बताना चाहते हैं, तो परीक्षा के दौरान स्क्रीन पर "**Report Question**" का विकल्प (बटन) उपलब्ध होगा।

(8) अपना उत्तर चुनने के लिए, किसी एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(10) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(11) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए ।

(12) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(13) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(14) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।**

(15) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा ।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(17) प्रत्येक प्रश्नावली के लिए संयुक्त समय आबंटित है। आप दिए गये 90 मिनट में किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं ।

(18) परीक्षा समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार निर्धारित प्रश्नावली संबंधित ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे ।

(19) **कृपया नोट करें :**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

(ब) <u>सामान्य निर्देश</u> :

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें । देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति नही दी जायेगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए । (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और आरएसपी प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, मोबाइल फोन (कैमेरा सहित या रहित) डिजिटल घडियाँ या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । सिविल/स्ट्रक्चरल डिज़ाइन इंजीनियर और प्रोजेक्ट एक्ज़ीक्यूशन (मैकेनिकल) विधा के लिए कंप्यूटर स्क्रीन पर उपलब्ध साइंटिफिक कैलकुलेटर तथा डेटा साइंटिस्ट और डेटा आर्किटेक्ट विधा के लिए कंप्यूटर स्क्रीन पर उपलब्ध सामान्य कैलकुलेटर का परीक्षा के दौरान उपयोग करने की अनुमति होगी । ऐसा कैलकुलेटर स्क्रीन पर ऑनलाइन उपलब्ध होगा ।

(6) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर लिया जाएगा । बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है ।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखें:

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।
(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।
(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।
(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(7) आपके अपने फोटोग्राफ को बुलावा पत्र पर चिपकाकर उसे मूल रूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - यह अनिवार्य है ।

(8) कृपया बुलावा पत्र के साथ वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण, संबंधित शैक्षणिक अर्हता प्रमाणपत्र और मार्क शीटस् स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे - यह अनिवार्य है।

(9) वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ़ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार काउंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा ।

(10) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया अथवा अन्य किसी भी प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ सेल, आरएसपी, रुरकेला उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(11) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं । आप अपना व्यक्तिगत इंक स्टैम्प पैड (ब्लू/ब्लैक) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ़ वर्क करने के लिए आपको कागज़ का एक पन्ना दिया जाएगा । परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, बुलावा पत्र, पहचान प्रमाणपत्र की प्रति टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को सौंप देना है।

(12) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा परिणाम सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल हैं। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन संस्थान के विवेक पर निर्भर है । उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(13) सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एडजस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या कोई तकनीकी खामी किसी अभ्यर्थी के लिए होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(14) ऑनलाइन परीक्षा के आधार पर चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु सूचित किया जाएगा और सेल की वेबसाइट www.sail.co.in की "Careers" लिंक पर भी प्रकाशित किया जाएगा।

(15) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या मौखिक अथवा लिखित इलेक्ट्रानिक अथवा मैकेनिकल तरीके से परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(16) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे सेल, आरएसपी, रुरकेला की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(17) ऑनलाइन परीक्षा आगे ढकेलना/रद्द करना या परीक्षा की तारीख/समय/केंद्र बदलना स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, आरएसपी, रुरकेला के अधिकाराधिन और विवेक पर निर्भर रहेगा।

(18) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024" पर ध्यान दें ।

आपको शुभकामनाएं !